(b) The Site Selection Committee appointed by Government for selecting suitable sites for location of an Atomic Power Station in the Western Region has, in its report, recommended some sites in the States of Gujarat and Maharashtra. The report submitted by the Site Selection Committee is under active consideration of Government.

**स्कूटर, मोटर साइकल और मोपेड बनाने वाले कारखानों की लाइसेंस प्राप्त और अधिष्ठापित क्षमता**

1248. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) विभिन्न प्रकार के स्कूटर, मोटर साइकल और मोपेड बनाने वाले कारखानों को लाइसेंस प्राप्त और अधिष्ठापित क्षमता कितनी-कितनी है ,

(ख) गत तीन वर्षों मे, वर्षवार, विभिन्न किस्मों के कितने-कितने स्कूटरों, मोटर साइकलों आदि का उत्पादन हुआ ;

(ग) गत तीन वर्षों मे और इस समय विभिन्न प्रकार के स्कूटरों और मोटर साइकलों के, अलग-अलग, सभी प्रकार के करों सहित मूल्य का ब्यौरा क्या है, और

(घ) निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के लोगों में उनकी लोकप्रियता का ध्यान मे रखते हुए स्कूटरों के मूल्यों मे कमी करने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है अथवा करने का विचार है ?

**उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती आभा माईति)** : (क) तथा (ख). अपेक्षित सूचना विवरण मे दी गई है जो सभा पटल पर रखी गई है । [ग्रन्थालय मे रखा गया । देखिए संख्या एल टी-1159/77]

(ग) कारखाने से निकलते समय के मूल्य के सम्बन्ध मे उपलब्ध जानकारी भी सलग्न विवरण मे दी गई है । सडक पर आने तक का मूल्य विभिन्न स्थानों पर भिन्न-भिन्न होता है जो कि परिवहन व्यय और स्थानीय करों आदि पर निर्भर करता है । बजाज 150, बजाज चेतक, प्रिया तथा विजय सुपर स्कूटरों का दिल्ली मे सडक पर आने तक का वर्तमान मूल्य (बीमा को छोड कर) क्रमशः लगभग 4592 रुपये, 5239 रुपये, 4993, तथा 5000 रुपये है ,

(घ) बजाज आटो लिमिटेड तथा महाराष्ट्र स्कूटर द्वारा निर्मित स्कूटरों के मूल्यों पर सरकार का नियत्रण है । इसके अतिरिक्त केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र का एक एकक अर्थात स्कूटर्स इण्डिया लिमिटेड, लखनऊ भी स्कूटरों का निर्माण करता है । ये उपाए इसलिए किये गए है ताकि मुनासिब दाम पर स्कूटर मिल सके ।

**आकाशवाणी केन्द्र, इलाहाबाद की ट्रांसमिशन क्षमता को बढ़ाने तथा वहां एक टेलीविजन केन्द्र की स्थापना करना**

1249. **श्री हरगोविंद वर्मा :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार इलाहाबाद के आकाशवाणी केन्द्र की ट्रासमिशन क्षमता को बढाने तथा वहा एक टेलीविजन केन्द्र की स्थापना करने का है ,

(ख) यदि हा, तो इस दिशा मे कब कार्यवाही की जाएगी ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी)** : (क) आकाशवाणी के इलाहाबाद केन्द्र की ट्रांसमिशन क्षमता को बढ़ाने या वहा एक टेलीविजन केन्द्र स्थापित करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है ।

तथापि, आकाशवाणी के इलाहाबाद केन्द्र के लिए स्थायी स्टूडियो स्थापित करने की योजना अब कार्यान्वित की जा रही है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

**Reinstatement of Employees**

1250. SHRI KANWAR LAL GUPTA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) how many officers were suspended or retired prematurely during emergency by the Central Government and in Union Territories;

(b) how many of them have been reinstated;

(c) in how many cases the review of their cases is pending; and

(d) how much time Government will take to decide all such cases?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS: (SHRI S. D. PATIL): (a) Information regarding the number of officers suspended during emergency is not available with the Department of Personnel and Administrative Reforms. However, the information that 5477, Central Government employees were retired prematurely during emergency was given to Lok Sabha *vide* reply to unstarred question No. 467 on 15th June, 1977.

(b) and (c). No information in this regard is available.

(d) The instructions have since been issued to consider representations of the Central Government employees who were prematurely retired during emergency against orders of premature retirement, even though their representations may have been previously considered and rejected.

**Setting up a Cement Factory in Andaman and Nicobar Islands**

1251. SHRI MANORANJAN BHAKTA: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Government have any scheme to set up a small Cement Factory in the Union Territory of Andaman and Nicobar Islands; and

(b) if so, when?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI GEORGE FERNANDES): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

**"सेव कोल इंडिया" नामक पुस्तक में लगाये गये आरोप**

1252. श्री सुभाष आहूजा : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोल इण्डिया लिमिटेड के एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा लिखी गई 'सेव कोल इण्डिया' नामक पुस्तक में इस कम्पनी के विरुद्ध गम्भीर आरोप लगाये गये हैं ;

(ख) यदि पुस्तक में लगाये गये आरोप सही हैं तो सरकार का विचार कम्पनी के उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही करने का है ; और

(ग) यदि पुस्तक म लगाये गये आरोप गलत हैं तो उस के लेखक अधिकारी के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन्) : (क) से (ग). वेस्टर्न कोल फील्ड्स लि० के एक अधिकारी द्वारा "सेव कोल इंडिया" नामक पुस्तक लिखी गई है । इस पुस्तक में कोयला खानों के राष्ट्रीयकरण की कारक परिस्थितियों, कोल इंडिया लि० की पदोन्नति नीति, लेखा प्रक्रिया, परियोजना अनुमानों से अधिक व्यय, स्टाक आदि के बारे में कुछ सामान्य तथा कुछ विशेष आरोप लगाए गए है । कोल इंडिया लिमिटेड इन आरोपों की जांच कर रहा है । इस बीच उक्त अधिकारी के खिलाफ कम्पनी के आचरण नियमों का उल्लंघन करने के कारण अनुशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है ।